Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ जयपुर में अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय (जयपुर पूर्व) का निजी सहायक 1 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 29 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर ग्रामीण द्वारा आज ट्रैप कार्यवाही करते हुए **मुकेश कुमार, निजी सहायक, कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर पूर्व** को परिवादी से **1,00,000/– रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जयपुर ग्रामीण को एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि आरोपी मुकेश कुमार, निजी सहायक, कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर पूर्व द्वारा परिवादी की फर्म के सरकारी परीक्षाओं में वाहन उपलब्ध कराने संबंधी कार्य के बिलों का भुगतान (बिल पास) कराने की एवज में 1,50,000/– रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परिवादी को परेशान किया जा रहा था।

शिकायत का गोपनीय सत्यापन करवाया गया, जिसमें आरोपी द्वारा रिश्वत राशि की मांग की पुष्टि हुई।

जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **उप महानिरीक्षक पुलिस–प्रथम डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरवीजन में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील सिहाग** के निर्देशन एवं **पुलिस निरीक्षक श्री देवेन्द्र प्रसाद शर्मा** के नेतृत्व में गठित ट्रैप दल द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश कुमार को उसके कार्यालय कक्ष में परिवादी से 1,00,000/– रुपये रिश्वत राशि प्राप्त करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

ए.सी.बी. की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।